



हरिभूमि
वनांचल भूमि
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



# केकड़ा चटनी, चापड़ा चटनी, चाऊर भाजा, सुक्सी पुड़, मछरी झोर का स्वाद ले रहे प्रतिभागी और 5 राज्यों से आए अतिथि

- सल्फी, लंदा, कसा पानी, दाड़गो और मंडिया पेज पीकर मदहोश भी हो रहे
- 5 राज्य आसाम, ओड़िशा, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, तेलंगाना के जनजातीय समुदाय के 1200 अतिथि और 689 बस्तर संभाग के प्रतिभागी का समागम उल्लास भर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लगभग 4 महीने पहले दिसम्बर में बस्तर ओलंपिक की अभुतपूर्व सफलता के बाद बस्तर पंडूम की धूम मची है। न केवल बस्तर, बल्कि 5 राज्य आसाम, ओडिशा, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और तेलंगाना के जनजातीय समुदाय के 1200 राज्य अतिथि भी यहां की जनजातीय जीवन के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति परंपरा, नाच गाना, आभूषण और पहनावा तो देख समझ रहे हैं बल्कि आदिवासियों का ▶▶|शेष पेज 10 पर

अलग खबर

## चखना का स्टाल सबको लुभा रहा

स्टाल में बहुत सारा आईटम है लेकिन कुछ चर्चित बस्तर फुड लोगों को आकर्षित कर रहा है, इनमें मंडिया पेज, सुक्सी पुड़गा (सुखी मच्छली), मछरी झोर (मच्छली की तरी), आमट साग और बोबो को ढूंढकर लोग खाते ▶▶|शेष पेज 10 पर



## देश-दुनिया तक पहुंच रही बस्तर की कला संस्कृति

हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस्तर को प्राथमिकता में रखकर यहां की सभी तरह की विशेषताओं को न केवल भारत में बल्कि देश-दुनिया तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बस्तर पंडुम में संभाग के 7 जिले के प्रतिभागी और 5 राज्यों के सैकड़ों राज्य अतिथि यहां की आबोहवा के साथ खूबियों को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। आज राज्यपाल आए कल केन्द्रीय गृहमंत्री आ रहे हैं, इसलिए यह आयोजन नवरात्रि के समय भव्यता के साथ दिव्य स्वरूप में दिख रहा है, जिसका लाभ बस्तर को मिलना स्वाभाविक है।

-श्रीनिवास राव मद्दी, अध्यक्ष, राज्य वित्त आयोग





## खबर संक्षेप

### आज बस्तर प्रवास पर आएंगे गृहमंत्री शाह



जगदलपुर। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बीएसएफ के एयरक्राफ्ट से 5 अप्रैल को सुबह 11.35 बजे दंतेश्वरी विमान तल में आएंगे। यहां से वे हेलीकाप्टर से 11.40 बजे दंतेवाड़ा के लिए रवाना होंगे। दंतेवाड़ा में देवी दर्शन और बस्तर पंडुम कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद अपरान्ह 4.10 बजे जगदलपुर विमान तल पर लौटेंगे। अपरान्ह 4.15 बजे वे प्लेन से रायपुर रवाना होंगे।

### विहिप और बजरंगियों की बाइक रैली आज

जगदलपुर। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में 5 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी। बताया गया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु मुख्य सड़क मार्ग शिव मंदिर ग्राम परपा में एकत्र होंगे, जहां से बाइक रैली निकलेगी। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ और समापन दलपत सागर चौक स्थित राम मंदिर में होगा।

# बस्तर पंडुम समृद्ध जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करने का एक अद्वितीय मंच : डेका





- सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखने में जनजातीय समाज का अतुलनीय योगदान
- राज्यपाल ने विभिन्न जिलों के स्टॉलों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम कार्यक्रम के दूसरे दिन राज्यपाल रमेन डेका ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक कार्यक्रम बस्तर पंडुम के आयोजन के लिए प्रशासन और विशेष रूप से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बधाई देता हूं। यह आयोजन पहली बार हो रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य बस्तर की जनजातीय पारंपरिक कला, नृत्य, जनजातीय व्यंजन, स्थानीय खाद्य पदार्थ और संस्कृति को संरक्षित करना है। इस कार्यक्रम में बस्तर के सात जिलों सहित असम, ओडिशा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश तेलंगाना राज्यों के लगभग 1200 कलाकार भाग ले रहे हैं। महोत्सव न केवल बस्तर की रीति लोक कला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया है, बल्कि स्थानीय लोक कलाकार को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अद्वितीय मंच भी प्रदान किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ▶▶|शेष पेज 10 पर



## राज्यपाल को युवाओं ने बताए जनजातीय पहनावा

हाईस्कूल मैदान में आयोजित चार दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल डेका का पारंपरिक धुरवा तुआल एवं कलगी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सातों जिलों के लगाए गए जनजातीय कला संस्कृति, वेशभूषा, खानपान की प्रदर्शनी का राज्यपाल ने अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने जनजातीय पहनावा और आभूषणों के संबंध में युवाओं से चर्चा की। कार्यक्रम में बीजापुर जिला और असम राज्य के नर्तक दलों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

# पॉडमेंन का दावा, तीन माह में दलपत सागर जलकुंभी से होगा मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पॉडमेंन ऑफ इंडिया याने जलकुंभीयुक्त तालाबों के सफाई एक्सपर्ट रामवीर तंवर ने शुक्रवार को ऐतिहासिक दलपत सागर का जायजा लिया। वे बोट के जरिये दलपत सागर क्षेत्र का निरीक्षण किया। बोट में महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन, निगम के एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, आयुक्त प्रवीण वर्मा, बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्ट्रीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी समेत पदाधिकारी, दलपत सागर सफाई अभियान से जुड़े नागरिक व इन्द्रावती बचाओ अभियान के दशरथ कश्यप, ▶▶|शेष पेज 10 पर

## विशेष मशीन व जलकुंभी एक्सपर्ट सम्मलित होंगे

पॉडमेंन राजवीर तंवर ने कहा तीन माह मेन पॉवर के अलावा विशेष मशीन तालाब में उतारना होगा। जिसमें 4 पोकलेन मशीन मोडिफाई कर जलकुंभी हटाने का काम करेगा। उन्होंने बताया पोकलेन मशीन के टूल्स को बदलकर इसमे खोदने वाले टूल्स की जगह सफाई करने वाला टूल्स लगाया जाएगा।



